# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय(वि0 / यॉ0),
डी0 64 / 151 ए, प्रथम तल माधोपुर सिगरा, वाराणसी–221010
e-mail-ee2cdupjn@rediffmail.com


पत्रांक 01 / कैम्प / 01 दिनांक– 22-08-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषय– **दैनिक भास्कर समाचार पत्र के सोशल मिडिया में अंकित शीर्षक "जल जीवन मिशन बोरिंग गढडे में बकरी की मौत गाजीपुर में ग्रामीणो ने लापरवाही का लगाया आरोप, मुआवजे की मांग" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि दिनांक 21.08.2026 को दैनिक भास्कर समाचार पत्र के सोशल मिडिया में अंकित शीर्षक जल जीवन मिशन बोरिंग गढडे में बकरी की मौत गाजीपुर में ग्रामीणो ने लापरवाही का लगाया आरोप, मुआवजे की मांग" आख्या प्रस्तुत है।

सादर अवगत कराना है कि विकास खण्ड–सदर के बबेडी ग्राम पंचायत, महराजगंज पुर्नगठन पेयजल योजना से आच्छादित है। बबेडी पेयजल योजना का कार्य मेसर्स वी0एस0ए0 द्वारा कराया जा रहा है। योजना पॉच जोन में विभाजित है। बबेडी पेयजल योजना जोन–5 में आती है, उक्त योजना में 01 नग शिरोपरी जलाशय क्षमता 275 किली0 / 14 मी0 का पूर्ण, 02 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 01 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण है, वितरण प्रणाली 177202 मी0 के सापेक्ष 12802 मी0 का कार्य पूर्ण एवं गृह जल संयोजन 688 नग के सापेक्ष 502 नग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। ग्राम पंचायत बबेडी में पूर्व में फेल हुए बोर के द्वारा जो गड्ढा हुआ था, उसे तत्समय ही गड्ढा भर दिया गया था, परन्तु वर्षा के कारण बोर की मिट्टी बैठ गई थी, जिसकी सूचना मिलने के तुरन्त बाद उक्त गड्ढे को तत्काल भर कर समतल कर दिया गया है। साथ ही सम्बन्धित ग्रामवासी को मुआवजा भी कार्यदायी फर्म द्वारा दिया गया है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

22/08/2026

(सुमित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0: / / दिनाँकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, गाजीपुर।

2– सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जू0इं0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि यथाशीघ्र सम्बन्धित ग्राम में सड़को की मरम्मत कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# फोटोग्राफ







Scanned with OKEN Scanner